# मुहर्रम का कैप्सूल प्लान डिकोड

- फैयाज प्रेमजी की साजिश का हुआ पर्दाफाश
- 30,000 लोगों को मरने की साज़िश थी





**मुंबई, 27 जून. मुंबई में मुहर्रम जुलूस के दौरान कथित तौर पर जहरीले कैप्सूल बांटने की साजिश का खुलासा होने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई है. पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो यह मामला बड़े जनहानि में बदल सकता था. पुलिस ने इस मामले में फैयाज निसार हुसैन प्रेमजी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

आरोप है कि वह लोगों को 'विटामिन' और 'नेकी' के नाम पर कथित रूप से जहरीले कैप्सूल बांट रहा था. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने यह साजिश अकेले रची थी या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क भी था.

आरोपी ने पिछले 15 दिनों से कथित रूप से इस पूरी योजना की तैयारी कर रखी थी. जांच में सामने आया है कि उसने डोंगरी इलाके में एक कमरा किराये पर लिया था, जहां से पूरी गतिविधि संचालित की जा रही थी. पुलिस का दावा है कि आरोपी ने ऑनलाइन 30 हजार खाली कैप्सूल और बड़ी मात्रा में जिंक फॉस्फाइड मंगाया था. जिंक फॉस्फाइड का इस्तेमाल आमतौर पर चूहा मारने की दवा के रूप में किया जाता है.

> पुलिस के मुताबिक, आरोपी का मकसद बड़ी संख्या में लोगों को निशाना बनाना था.मुहर्रम जुलूस के दौरान सलमान सैयद और अली अब्बास सैयद नाम के लोगों ने कैप्सूल खाने के बाद तबीयत खराब होने की शिकायत की. सलमान ने बताया कि उन्हें एक महिला ने कैप्सूल दिया था, जो अपने बच्चों को भी वही कैप्सूल खिला रही थी. वहीं, अली अब्बास का कहना है कि उन्हें यह कहकर कैप्सूल दिया गया कि यह विटामिन का कैप्सूल है. दोनों की तबीयत बिगड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी गई.

## उत्तर कोरिया के साइबर नेटवर्क पर तीन देशों का शिकंजा

**वॉशिंगटन, 28 जून.** अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया की साइबर कमाई पर रोक लगाने के लिए अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं. ये तीनों देश उत्तर कोरिया की साइबर कमाई पर रोक लगायेंगे, जो क्रिप्टोकरेंसी चोरी, धन शोधन और फर्जी सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर बनाकर की जाती है. तीनों देशों के अधिकारियों ने यहां बैठक कर उत्तर कोरिया के बढ़ते साइबर खतरों पर चर्चा की. इस त्रिपक्षीय राजनयिक कार्य समूह की बैठक का मकसद इन खतरों के खिलाफ मिलकर रणनीति तैयार करना था.

# मथुरा-वृंदावन पर खुलकर बोलें अखिलेश

## चंदा चोरी के आरोप पर योगी का अखिलेश पर जोरदार हमला



**लखनऊ, 28 जून. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है. सीएम ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए. जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है.**

मुख्यमंत्री योगी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि यूपी में सपा की सरकार आने पर अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा.

मुख्यमंत्री रविवार को हाथरस में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा. सीएम ने कहा कि अगर खुद को धार्मिक साबित करना चाहते हो तो मथुरा और कृष्ण जन्मभूमि को लेकर जमकर बोलिए.

### एक नजर में



**बाघ संरक्षण, वन, जैव विविधता की सुरक्षा का आधार : भूपेंद्र यादव**

**नई दिल्ली, 28 जून.** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि बाघ संरक्षण केवल एक प्रजाति की रक्षा नहीं, बल्कि वनों, जल स्रोतों और जैव विविधता के संरक्षण का भी आधार है. यादव ने रविवार को राजस्थान के अलवर में बाघों का पुनर्वास : अवसर और चुनौतियां विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि 2005 में बाघविहीन हो चुके सरिस्का में अब 56 बाघ हैं और यह वैज्ञानिक पुनर्वास की सफलता का उदाहरण है. पिछले एक दशक में देश में बाघ अभयारण्यों की संख्या 46 से बढ़कर 58 हो गई है.


**टीईटी पेपर लीक मामले में तीन लोगों को छह तक पुलिस हिरासत में भेजा**

**मुंबई, 28 जून.** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पेपर लीक मामले में गिरफ्तार तीन लोगों को मुंबई के पास भिवंडी की एक स्थानीय अदालत ने रविवार को छह जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया. जांचकर्ताओं ने उनके पास से परीक्षा के लीक पेपर बरामद किये थे. पेपर लीक की रिपोर्टों के कुछ घंटों बाद ही शनिवार को महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया था इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. यह परीक्षा रविवार को आयोजित की जाने वाली थी. पुलिस ने अदालत को बताया कि इन तीनों लोगों को तब पकड़ा गया जब उन्हें यह जानकारी मिली कि वे लीक हुए प्रश्न-पत्र के चार सेट 1.5 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बना रहे थे.

## वैष्णो देवी मार्ग पर सीआईएसएफ जवानों की बस हादसे का शिकार

**जम्मू, 29 जून.** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के निकट रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. ताराकोट क्षेत्र के पास केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई. हादसे में बस चालक सहित कुल नौ लोग घायल हो गए. घायलों में सीआईएसएफ के आठ जवान शामिल हैं. अधिकारियों के अनुसार, तीन जवानों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जम्मू के एक निजी अस्पताल भेजा गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है.

# शिवराज ने शुरू किया एआई लेखापरीक्षा पोर्टल



गांवों की ऑडिट व्यवस्था अब होगी स्मार्ट

**नई दिल्ली, 28 जून. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को यहां आयोजित एक ग्रामीण सम्मेलन में 'ग्रामीण आंतरिक लेखापरीक्षा पोर्टल' नाम की एक नई वेबसाइट की शुरुआत की. यह वेबसाइट कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम करती है.**

इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामों में ईमानदारी लाना, जवाबदेही तय करना और सरकारी कामकाज को तकनीक से जोड़ना है. पहले सरकारी पैसों की लेखा-पड़ताल (ऑडिट) कागजों पर होती थी, जिसमें बहुत समय लगता था. इसी पुरानी व्यवस्था को बदलने और आधुनिक डिजिटल तकनीक का फायदा उठाने के लिए मंत्रालय ने इस नए डिजिटल मंच को तैयार किया है. पुरानी व्यवस्था में कई दिक्कतें आती थीं. पुराने रिकॉर्ड्स को ढूंढना मुश्किल होता था, चिट्ठी-पत्री भेजने में देरी होती थी और समय पर रिपोर्ट नहीं मिल पाती थी. कोई कमी बार-बार हो रही है या नहीं, इस पर नज़र रखने का कोई एक मुख्य जरिया नहीं था. इन सब कमियों को दूर करने के लिए इस डिजिटल समाधान को लाया गया है.

**केंद्र ने मिलकर बनाया**

यह नया पोर्टल सरकारी पैसों की जांच के पूरे काम को एक ही जगह पर ऑनलाइन समेट देता है. इसे मंत्रालय के मुख्य लेखा कार्यालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने मिलकर बनाया है. इस नई व्यवस्था से अब जांच-पड़ताल का काम बिखरा हुआ या केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी तरह से पारदर्शी और कंप्यूटर आधारित हो जाएगा.

## दिल्ली एक्सप्रेसवे पर हादसे से 3 की मौत

**लखनऊ, 28 जून.** शुक्रवार को सोनीपत के मंढोरा गांव के दो परिवार अलग-अलग कारों से हरिद्वार जा रहे थे. जब वे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर रामपुर मनिहारान क्षेत्र के हलगोया कट के पास पहुंचे, तब टियागो कार चालक जयदेव का निर्धारित कट निकल गया. इसके बाद उन्होंने एक्सप्रेसवे पर ही कार को पीछे ले जाकर कट तक पहुंचने का प्रयास किया. इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो टियागो से जा टकराई. टक्कर का प्रभाव इतना जबरदस्त था कि टियागो कार लगभग 300 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई. इस दौरान कार दो बार डिवाइडर से टकराई और फिर पलट गई.

# 12 साल बाद अब उम्रकैद

## नीरज ने विक्रेता के सिर में मारी थी गोली

**नई दिल्ली. 28 जून. राजधानी दिल्ली में महज जलेबी पहले देने से इनकार करने पर मिठाई विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने के 12 साल पुराने मामले में अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है.**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा ने दोषी नीरज को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद यह सजा सुनाई. 18 फरवरी 2014 को बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास स्थित एक मिठाई की दुकान पर नीरज जलेबी खरीदने पहुंचा था. उसने दुकानदार से कतार में खड़े अन्य ग्राहकों से पहले जलेबी देने की मांग की. जब विक्रेता ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई. आरोप है कि नीरज ने पहले विक्रेता को थप्पड़ मारा और फिर पिस्तौल निकालकर बेहद करीब से उसके सिर में गोली मार दी.

घायल विक्रेता को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल के पास ही पकड़ लिया. उसके कब्जे से एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस भी बरामद हुआ. सजा पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि दोषी किसी अन्य आपराधिक मामले में शामिल नहीं रहा है.

# अमरावती सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

- तेज रफ्तार ने उजाड़ा एक पूरा परिवार
- समृद्धि महामार्ग पर यातायात प्रभावित रहा

**अमरावती, 28 जून. यह हादसा अमरावती जिले की धामणगांव रेलवे तहसील से गुजरने वाले समृद्धि महामार्ग पर रविवार दोपहर हुआ. तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर के पिछले हिस्से से जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार किसी भी व्यक्ति को संभलने का मौका नहीं मिला.**

कार में सवार सभी पांच लोग चंद्रपुर जिले के एक ही परिवार के सदस्य थे. वे एक निजी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यात्रा कर रहे थे. मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक 12 वर्षीय बच्ची शामिल है. हादसे के बाद पुलिस और आपातकालीन बचाव दल ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर धामणगांव ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया. कार तेज गति में थी और सीधे कंटेनर से जा भिड़ी. पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि चालक को झपकी आने या वाहन पर नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई हो सकती है. हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है. हादसे के बाद कुछ समय के लिए समृद्धि महामार्ग पर यातायात प्रभावित रहा. पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सामान्य कराया.

### आज का इतिहास

1974 : सशेल्स द्वीपसमूह को स्वतंत्रता मिली।

1997 : विश्वनाथन आनंद ने जर्मनी में फ्रैंकफुर्ट चैस क्लासिक टूर्नामेंट जीता।

2004 : पूर्वी एशिया सम्मेलन (जकार्ता) में आसियान को प्रमुख ताकत बनाने पर सहमति।


2005 : भारत और अमेरिका में समग्र 10 वर्षीय समझौता।

2008 : थॉमस बीटी ने बेटी को जन्म दिया। इसके साथ ही बच्चा पैदा करने वाले वे दुनिया के पहले पुरुष बन गये।

2013 : अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया ने समलैंगिक विवाह पर लगी रोक हटाई।

2014 : सायना नेहवाल ने ऑस्ट्रेलियन सुपर सीरीज जीती।

# जनभागीदारी से हर संकट का हो रहा समाधान



**नई दिल्ली, 28 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेशेल्स पहुंचे, जहां राजधानी विक्टोरिया में राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. दोनों नेताओं ने नेशनल बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण किया और वहां प्रसिद्ध एल्डाब्रा जाइंट कछुओं को पत्तियां खिलाईं.**

प्रधानमंत्री मोदी 29 जून को सेशेल्स के 50वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स का संबंध केवल 50 वर्षों पुराना नहीं, बल्कि इसकी शुरुआत अगस्त 1770 में हुई थी, जब थेलेमाक जहाज से पांच भारतीय पहली बार यहां पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्ष 1770 में सेशेल्स में पहली स्थायी बस्ती बसाई गई थी, जिसमें पहुंचे 27 लोगों में पांच भारतीय भी शामिल थे. इसके बाद बिहार, तमिलनाडु और गुजरात से बड़ी संख्या में भारतीय यहां आकर बसे। उन्होंने कहा कि दुनिया भले ही सेशेल्स को हिंद महासागर के छोटे-छोटे द्वीपों का समूह मानती हो, लेकिन भारत के लिए यह देश केवल द्वीपों का समूह नहीं, बल्कि एक गहरा और ऐतिहासिक साझेदार है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण में जनभागीदारी को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि जब देशवासी किसी साझा संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं रहती.

**अब अधिक युवा खेलों को करियर बना रहे**

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहले की तुलना में अब कहीं अधिक युवा खेलों को करियर के रूप में अपना रहे है. श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 135वीं कड़ी में रविवार को कहा, 'मैं अक्सर कहता हूँ, जो खेलता है, वो खिलता है. आज देश में ऐसे युवाओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जो खेल भी रहे हैं और खिल भी रहे हैं. पहले की तुलना में अब कहीं अधिक युवा खेलों को करियर के रूप में अपना रहे हैं.

### हस्तियों के ट्वीट



देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पूरी ने सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 135वें संस्करण को भाजपा मुख्यालय एवं दिल्ली प्रदेश कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सुना।



आनंद महिंद्रा ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि निहाल, तुमने तो बस धीरे से यह बात कही। लेकिन इसे तो जोरदार आवाज़ में कहा जाना चाहिए. यह कोई मामूली कारनामा नहीं था. अपनी सिल्वर बुलेट्स (चांदी की गोलियों) से तुमने बड़े-बड़े दिग्गजों को हराया.

## कोटा में जीइइ छात्रा ने फ्लाईओवर से लगाई छलांग

**कोटा, 28 जून. देश की कोचिंग नगरी कोटा में कोचिंग छात्र की आत्महत्या के मामले से सनसनी फैल गई. जेईई की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा ने फ्लाईओवर से छलांग लगा दी. पुलिस जांच कर रही है.**

विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि बिहार के अररिया जिले की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा जनवरी में कोटा आकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई की तैयारी कर रही थी और पीजी में रहती थी. शनिवार रात करीब 12 बजे वह कोटा-झालावाड़ रोड स्थित श्रीजी हॉस्पिटल के सामने फ्लाईओवर पर पहुंची और वहां से छलांग लगा दी. राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां रविवार सुबह करीब 8 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.

# लोहगढ़ किले पर कराया सीन रीक्रिएट

### पुणे मर्डर केस

- चैट, कॉल रिकॉर्ड और सीसीटीवी बने अहम सबूत
- केतन की मां ने दोषियों के लिए फांसी की सजा मांगी



**पुणे, 28 जून. महाराष्ट्र के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच लगातार आगे बढ़ रही है. मामले में गिरफ्तार सिया गोयल और चेतन चौधरी को रविवार को पुलिस लोहगढ़ किले लेकर पहुंची, जहां कथित हत्या की घटना का सीन रीक्रिएट कराया गया.**

जांच एजेंसियां अब इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, कॉल रिकॉर्ड, डिलीट किए गए डिजिटल डेटा और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर पूरे घटनाक्रम को जोड़ने में जुटी हैं. पुलिस के अनुसार, हत्या वाले दिन चेतन चौधरी ने अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से अपना मोबाइल फोन एक दुकान पर छोड़ दिया था और दूसरे मोबाइल का इस्तेमाल किया. वहीं, दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन से डिलीट किए गए व्हाट्सएप संदेश और अन्य डिजिटल डेटा की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है. पुलिस का मानना है कि इन साक्ष्यों से घटना की योजना और उससे जुड़े तथ्यों की पुष्टि हो सकती है।

## जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो, 29 जून.** जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर रविवार तड़के आए 6.1 तीव्रता के भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र इवाते प्रांत के तट के पास समुद्र में लगभग 40 किलोमीटर की गहराई में स्थित था. स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर आए इस भूकंप के झटके इवाते के अलावा आओमोरी और आसपास के कई क्षेत्रों में भी महसूस किए गए. हालांकि एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है और फिलहाल किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है.

### मौसम

**43 फीसदी कम बारिश, सूखे का खतरा**

# देश में कमजोर मानसून ने बढ़ाई चिंता



**नई दिल्ली, 28 जून. इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति अपेक्षा से धीमी रही है. 27 जून तक देश में सामान्य औसत की तुलना में 43 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है. कई राज्यों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां सामान्य से 50 प्रतिशत या उससे अधिक वर्षा की कमी रिकॉर्ड की गई है.**

मानसून की इस सुस्ती के पीछे प्रमुख कारण अल नीनो का प्रभाव और इंडियन ओशन डाइपोल (आईओडी) का तटस्थ बने रहना है. सामान्य परिस्थितियों में सकारात्मक आईओडी मानसून को मजबूती देता है, लेकिन इस बार ऐसा समर्थन नहीं मिलने से बारिश की रफ्तार प्रभावित हुई है. कम वर्षा का सबसे अधिक असर कृषि क्षेत्र पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है. खरीफ फसलों की बुवाई का समय चल रहा है और यदि जुलाई में भी पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो धान, दालें, तिलहन और अन्य फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है. इसके अलावा जलाशयों का जलस्तर, भूजल भंडार और पेयजल उपलब्धता पर भी दबाव बढ़ सकता है.

**7 राज्यों में अगले 5 दिनों में भरी बारिश**

> अगले पांच दिनों तक पूर्वोत्तर भारत में मानसून का प्रभाव सबसे अधिक देखने को मिलेगा. असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के पर्वतीय क्षेत्रों में भी 7 से 20 सेंटीमीटर तक वर्षा हो सकती है.

## राममंदिर चोरी में संलिप्त सभी जेल जाएंगे : साहू

**मेदिनीनगर, 28 जून.** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने रविवार को कहा कि, राममंदिर के चढ़ावा की चोरी में संलग्न सभी तत्वों को जेल भेजा जाएगा. यह बात श्री साहू ने पूछे गए एक सवाल के जवाब में आज कही. उन्होंने कहा कि चंपत राय हों या अन्य ट्रस्टी, जांच के दायरे में दोषी होंगे तो अवश्य उन्हें अपने किए की सजा भुगतनी होगी. उन्होंने कहा कि योगी राज में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार अयोध्या के राममंदिर के चढ़ावे की चोरी मामले में गंभीर है, इसमें किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा. प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू यहां पलामू जिला भाजपा द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अयोध्या में राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के मुद्दा पार्टी के मुख्य एजेंडे में शामिल था.

# सरमा को बाघ संरक्षण लीडरशिप अवॉर्ड

## गडकरी को टाइगर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर से नवाजा





**सवाईमाधोपुर 28 जून. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को बाघ संरक्षण के लिए लीडरशिप अवॉर्ड से नवाजा गया जबकि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पेंच नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 के पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन के लिए इनोवेटिव टाइगर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर का सम्मान दिया गया हैं.**

सवाईमाधोपुर जिले के रणथमभौर में रविवार को सम्पन्न हुए तीन दिवसीय लिव 4फ्रीडम एलएलपी की ओर से आयोजित पांचवें रॉयल रणथमभौर इंटरनेशल टाइगर वीक (आईटीडब्ल्यू) में दोनों नेताओं को यह सम्मान दिया गया जिसे उनके प्रतिनिधियों ने ग्रहण किया. आईटीडब्ल्यू का सुबह टाइगर सफारी के साथ समापन हुआ. इससे पूर्व शनिवार शाम को फेस्टिवल का दूसरा दिन बाघ संरक्षण के लिए सालभर देश में हुए प्रयासों और उनके परिणामों को सम्मान देने के नाम रहा। 11 श्रेणियों में पुरस्कार देने के साथ पेंटिंग्स के जरिए बाघ संरक्षण का संदेश देने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।